कानोड़िया पी.जी.महिला महाविद्यालय, जयपुर

हिन्दी विभाग

प्रश्नावली हिन्दी साहित्य

द्वितीय समसत्र (हिन्दी कहानी एवं उपन्यास)

बी.ए. पासकोर्स – द्वितीय सेमेस्टर (हिन्दी साहित्य)
प्रश्नपत्र – कहानी एवं उपन्यास

1 क्रेडिट – 25 अंक
6 क्रेडिट – 150 अंक
प्रश्न पत्र – 120 अंक
आंतरिक मूल्यांकन – 30 अंक

उद्देश्य (Objectives)	1. विद्यार्थियों में कल्पना शक्ति और विश्लेषणात्मक योग्यता का विकास करना। 2. कथा साहित्य के विश्लेषण की समझ और संवेदनात्मक अनुभूति का विकास करना। 3. प्रमुख कथाकारों एवं उनकी रचनाधर्मिता का परिचय कराना। 4. कहानी तथा उपन्यास कला को विकसित करना।
अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes)	1. जीवन की यथार्थ अनुभूति से परिचय हो सकेगा। 2. कथा लेखन तथा उसके प्रभाव का विश्लेषण सम्भव हो सकेगा। 3. आदर्श और सभ्य नागरिक बन सकेंगे। 4. आत्माभिव्यक्ति की भावना विकसित हो सकेगी तथा भावी लेखन की पृष्ठभूमि का विकास होगा।

प्रश्नपत्र का अंक विभाजन

यह प्रश्नपत्र तीन खण्डों (अ,ब,स) में विभक्त है।

खण्ड – अ के अंतर्गत प्रश्न संख्या 1 अतिलघूत्तरी प्रश्न है, जिसमें सम्पूर्ण पाठ्यक्रम से 10 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा।

खण्ड – ब के अंतर्गत प्रश्न संख्या 2,3,4,5 सप्रसंग व्याख्या का है, जिसमें इकाई 2 एवं इकाई 3 में निर्धारित पाठ से एक–एक अवतरण (एक कहानी से एक) तथा इकाई 4 से दो अवतरण (उपन्यास) आंतरिक विकल्प सहित व्याख्या हेतु पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का होगा।

खण्ड – स के अंतर्गत प्रश्न संख्या 6,7,8,9 निबंधात्मक प्रश्न है, जिसमें प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न आंतरिक विकल्प सहित पूछा जाएगा। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का होगा।

प्रश्न

1. 'उसने कहा था' कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।
2. 'उसने कहा था' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।
3. लहनासिंह का चरित्र–चित्रण कीजिए।
4. सिद्ध कीजिए कि 'उसने कहा था' कहानी में देशप्रेम की सच्ची अभिव्यक्ति हुई है।
5. 'उसने कहा था' कहानी की समीक्षा कीजिए।

प्रश्न

1. 'पूस की रात' कहानी का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।
2. 'पूस की रात' कहानी की समीक्षा कीजिए।
3. हलकू के जीवन की समस्या क्या है?
4. सिद्ध कीजिए कि 'पूस की रात' एक यथार्थवादी कहानी है।
5. 'पूस की रात' कहानी के आधार पर प्रेमचन्द की कहानी-कला पर निबन्ध लिखिए।

प्रश्न

1. 'आकाशदीप' कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।
2. 'आकाशदीप' कहानी के आधार पर चम्पा का चरित्र-चित्रण कीजिए।
3. द्वीपवासी चम्पा की पूजा क्यों करने लगे?
4. 'आकाशदीप' कहानी की समीक्षा कीजिए।
5. चम्पा ने बुद्धगुप्त के साथ जाने से क्यों मनाकर दिया?

प्रश्न

1. 'परदा' कहानी का मूल भावना अपने शब्दों में लिखिए।
2. 'परदा' कहानी को विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
3. 'परदा' कहानी में परदा किसका प्रतीक है?
4. 'परदा' परिवार की घर स्थिति को अपने शब्दों में लिखिए।
5. 'परदा' कहानी के आधार पर यशपाल की कहानी कला पर निबंध लिखिए।

प्रश्न

1. 'राजा निरबंसिया' कहानी की रचनात्मक समीक्षा कीजिए।
2. 'राजा निरबंसिया' कहानी में दो समानान्तर कथानक हैं—कमलेश्वर ने ये कथानक क्यों रखे हैं?
3. 'राजा निरबंसिया' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।
4. चंदा का चरित्र-चित्रण कीजिए।
5. जगपती के मानसिक संघर्ष को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न

1. गदल कहानी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
2. गदल का चरित्र-चित्रण कीजिए।
3. गदल कहानी में जिस अंचल का चित्रण हुआ है उसकी विशेषताओं पर निबन्ध लिखिए।
4. गदल कहानी का हिन्दी कहानी साहित्य में महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।
5. गदल कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।
6. गदल ने मौनी से क्यों विवाह किया?
7. डोड़ी के मन में गदल के प्रति क्या भाव था?
8. पुलिस गाँव में क्यों आयी?
9. गदल ने डोड़ी के मरने पर मृत्युभोज क्यों आयोजित किया?

प्रश्न

1. 'सिक्का बदल गया' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।
2. शाहनी का चरित्र-चित्रण कीजिए।
3. 'सिक्का बदल गया' कहानी का संदेश क्या ह?
4. कृष्णा सोबती की कहानी कला पर निबंध लिखिए।
5. 'सिक्का बदल गया' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न

1. 'तिरिछ' कहानी का कथानक अपने शब्दों में लिखिए।
2. 'तिरिछ' कहानी की शैल्पिक संरचना को स्पष्ट कीजिए।
3. इस कहानी में 'तिरिछ' की उपस्थिति का क्या अर्थ है?
4. उदय प्रकाश की कहानी कला पर निबंध लिखिए।
5. 'तिरिछ' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

छात्राएं ध्यान दें -

1. इनके अतिरिक्त हिन्दी कहानी के उद्भव और विकास तथा कहानी की तात्विक समीक्षा पर प्रश्न पूछे का सकते हैं।

2. हिन्दी उपन्यास का उद्भव और विकास तथा ग्लोबल गांव के देवता उपन्यास की तात्विक समीक्षा तथा उसका प्रतिपाद्य पर भी प्रश्न पूछे जाएंगे।